# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 20 अगस्त 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma



**GK Search Engine**

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON
Google Play

Download App

GK Search Engine
GK Search Engine
GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. हाल ही में राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) ने किस वर्ष को "राजस्थानी पर्यटन वर्ष" घोषित किया?**

(A) वर्ष-2026
(B) वर्ष-2024
(C) वर्ष-2025
(D) इनमें से कोई नही

- *राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) ने वर्ष-2025 को "राजस्थानी पर्यटन वर्ष" घोषित किया।*
- *6 अगस्त 2025 को न्यूयॉर्क के मेयर द्वारा "राना डे" घोषित किया गया।*
- *इस वर्ष राना अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर सिल्वर जुबली मना रहा है।*
- *राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) अध्यक्ष – प्रेम भंडारी*

**01. राजस्थान के किस जिले की रहने वाली मणिका विश्वकर्मा ने मिस यूनिवर्स इंडिया-2025 का खिताब जीता है।?**

(A) श्रीगंगानगर

(B) करौली

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान के श्रीगंगानगर की रहने वाली मणिका विश्वकर्मा ने मिस यूनिवर्स इंडिया-2025 का खिताब जीता है। इस जयपुर फिनाले का आयोजन जी स्टूडियो, जयपुर में 48 फाइनलिस्ट्स के बीच मुकाबला हुआ था।
- मणिका विश्वकर्मा अब 21 नवंबर 2025 को थाईलैंड के नोंथाबुरी स्थित इम्पैक्ट चैलेंजर हॉल में होने वाली मिस यूनिवर्स 2025 प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- ब्यूटी पेजेंट के फिनाले में 1st रनरअप तान्या शर्मा रही

📌 अन्य महत्वपूर्ण प्रतियोगिता

- मिस राजस्थान 2025  ट्विंकल पुरोहित (जोधपुर)
- मिस यूनिवर्स राजस्थान 2025 • शिना पाराशर
- मिस ओसियन इंडिया 2025 • पारुल सिंह (जयपुर)

**02. जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले जी-20 यूथ समिट में राजस्थान से कौन भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे?**

(A) डॉ. राकेश अग्रवाल

(B) डॉ. अजय नागर

(C) डॉ. शिवम अग्रवाल

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

## जी-20 यूथ समिट में डॉ. शिवम करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

- जी-20 यूथ समिट जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में 12 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होगा
- प्रतिभागी – सीकर जिले से डॉ. शिवम अग्रवाल
- विषय – जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय स्थिरता पर भारत का प्रतिनिधित्व
- भारत सरकार द्वारा कुल 5 युवाओं को प्रतिनिधि के तौर पर भेजा जा रहा है।
- सम्मेलन की थीम – "वैश्विक प्रगति के लिए युवा : एकजुटता के लिए एकजुट, समानता, स्थिरता को बढ़ावा देना"

**03. बांस की खेती के लिए राजस्थान की पहली टिश्यू कल्चर लैब कहां पर स्थापित होगी?**

(A) उदयपुर

(B) बांसवाड़ा

(C) कोटा

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- बांस की खेती के लिए प्रदेश की पहली टिश्यू कल्चर लैब महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर में स्थापित होगी।
- प्रदेश की पहली बांस की खेती के लिए टिश्यू कल्चर लैब महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (MPUAT), उदयपुर में स्थापित की जाएगी.
- यह लैब बांस की प्रजातियों के टिश्यू कल्चर पर शोध करेगी, जिससे साल भर में कई बार पौधों को तैयार किया जा सकेगा.
- इस टिश्यू कल्चर तकनीक से, बांस के पौधों को लैब में ट्रे से निकालकर छोटे गमलों में स्थानांतरित किया जाएगा, और फिर कहीं भी लगाया जा सकेगा.

04. हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा कोटा-बूंदी क्षेत्र में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण को मंजूरी दी गई, इसकी प्रोजेक्ट की कुल लागत कितनी है?

(a) 896 करोड़ रुपये

(b) 1,507 करोड़ रुपये

(c) 2305 करोड़ रुपये

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में राजस्थान के कोटा-बूंदी क्षेत्र में ग्रीनफिल्ड एयरपोर्ट के निर्माण को मंजूरी दी गई। जिससे देश के इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी को नई दिशा मिलेगी।
- इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 1,507 करोड़ रुपये होगी। इससे न सिर्फ कोटा और बूंदी के बीच यात्रा आसान होगी, बल्कि पूरे राजस्थान में हवाई संपर्क मजबूत होगा।
- हवाई अड्डा कोटा से 15 किमी और बूंदी से 20 किमी की दूरी पर शम्भुपुरा गांव में बनाया जाएगा।

05. राजस्थान सरकार ने हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत प्रदेश में कितने करोड़ पौधे लगाए जाने के ऐतिहासिक लक्ष्य को प्राप्त किया है?

(a) 50 करोड़

(b) 20 करोड़

(c) 10 करोड़

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत प्रदेश में 10 करोड़ पौधे लगाए जाने के ऐतिहासिक लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने हरियालो राजस्थान के तहत पोस्टर विमोचन किया
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने पिछले साल हरियाली तीज के पर्व पर मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत 'हरियालो राजस्थान' का शुभारंभ किया था।
- लक्ष्य है कि पांच वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण किया जाए।

06. अमेरिका की संस्था इमेज कोलीग सोसाइटी इंटरनेशनल की ओर से वर्ष 2025 के लिए सर्वोच्च मानद खिताब किसे प्रदान किया गया है?

(A) अमित व्यास

(B) ओम प्रकाश कल्ला

(C) सर्वेश जोशी

(D) उपरोक्त सभी

**Important Facts:**

फोटोग्राफी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और ग्लोबल फोटोग्राफिक कम्युनिटी में कला को बढ़ावा देने के लिए विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर 19 अगस्त को

- जोधपुर के तीन प्रख्यात फोटोग्राफर्स अमित व्यास, ओम प्रकाश कल्ला और सर्वेश जोशी को अमेरिका की संस्था इमेज कोलीग सोसाइटी इंटरनेशनल की ओर से वर्ष 2025 के लिए सर्वोच्च मानद खिताब प्रदान किया गया है।
- अमित को 'ऑनरेरी फेलो ऑफ इमेज को लीग सोसाइटी इंटरनेशनल खिताब
- ओमप्रकाश कल्ला को ऑनरेरी एक्सीलेंस फेडरेशन मल्टीकल्चरल फोटोग्राफिक आर्ट, यूएसए सम्मान
- सर्वेश जोशी को ऑनरेरी एक्सीलेंस ऑफ यूनाइटेड स्टेट्स फोटोग्राफिक एलायंस

07. राजस्थान में मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना के अंतर्गत कितने रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा?

(a) 1 करोड़ रुपए

(b) 50 लाख रुपये

(c) 20 लाख रुपये

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में दुर्लभ बीमारियों से प्रभावित बच्चों के लिए नई योजना की लागू की गई है।
- मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना के अंतर्गत, 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों को चिकित्सा सहायता के साथ-साथ आर्थिक मदद भी प्रदान की जाएगी।
- इस योजना के तहत, प्रभावित बच्चों को हर महीने 5,000 रुपये की आर्थिक सहायता और 50 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा।
- इस योजना के माध्यम से 56 विभिन्न प्रकार की दुर्लभ बीमारियों का इलाज किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित बच्चों और उनके परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना

**08. राजस्थान का पहला स्नेक पार्क कहां बनकर तैयार हुआ है?**

(a) जयपुर

(b) उदयपुर

(c) कोटा

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

कोटा में राजस्थान का पहला स्नेक पार्क बनकर तैयार हो गया है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) ने भी यहाँ विभिन्न प्रजातियों के सांपों को रखने की स्वीकृति दे दी है।

- स्नेक पार्क में 29 प्रकार के भारतीय, अमेरिकी, ऑस्ट्रेलियाई और कई अन्य प्रजातियों के सांप रखे जाएँगे।
- पर्यटक यहाँ सांपों की दुनिया को करीब से देख सकेंगे।
- 2021 में सर्प पार्क के निर्माण को मंज़ूरी मिली।
- राज्य सरकार ने इसके लिए 10 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया। भवन बनकर तैयार है।

09. हाल ही में ISRO ने किस राज्य में अंतरिक्ष प्रयोगशाला का उद्घाटन किया?

(A) तमिलनाडु

(B) केरल

(C) अरुणाचल प्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- ISRO ने अरुणाचल प्रदेश के मेचुका स्कूल में अंतरिक्ष प्रयोगशाला का उद्घाटन किया
- स्थान: अरुणाचल प्रदेश, शि-योमी ज़िले के मेचुका सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नई इसरो अंतरिक्ष प्रयोगशाला।
- साझेदारी:मुस्कान फ़ाउंडेशन के सहयोग से शुभारंभ।
- उद्घाटन: अरुणाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री पासंग दोरजी सोना द्वारा।
- नामकरण: शिक्षा मंत्री के पिता पासंग वांगचुक सोना के नाम पर, शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए, प्रयोगशाला का नाम रखा गया है।

10. हाल ही में किस फिल्म ने मेलबर्न में भारतीय फिल्म महोत्सव (IFFM) 2025 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता है?




(A) जेलर

(B) होमबाउंड

(C) लापता लेडिज

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- नीरज घायवान की 'होमबाउंड' ने IFFM 2025 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता
- नीरज घेवान की नवीनतम फिल्म होमबाउंड ने मेलबर्न भारतीय फिल्म महोत्सव (IFFM) 2025 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता।
- घेवान को 15 अगस्त, 2025 को महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार भी मिला।
- होमबाउंड में ईशान खट्टर, विशाल जेटवा और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं।
- यह फिल्म अपनेपन, विस्थापन और घर वापसी की भावनात्मक जटिलताओं जैसे विषयों पर आधारित है।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में किस जिले की अनुया प्रसाद ने टोक्यो में होने वाले 2025 डेफ ओलंपिक्स के लिए क्वालीफाई किया है?**

(A) उदयपुर

(B) करौली

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

GK Search Engine Mobile App

🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine